Headline: The President of India nominated MD & CEO of NSE	
Source: Corporate Insight	**Date:** 10 February 2016

श्रीमती चित्रा रामकृष्णा एमएनआईटी की चेयरपर्सन मनोनित

मुंबई। भारत के राष्ट्रपति श्री प्रनब मुखर्जी, ने श्रीमती चित्रा रामकृष्णा, एमडी एंड सीईओ, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्यौगिकी संस्थान (एमएनआईटी), जयपुर के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का चैयरपर्सन मनोनीत किया है। भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय ने एक आधिकारिक आदेश द्वारा नियुक्ति की घोषणा की है। एमएनआईटी, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) के समूह का अंग है। एनआईटी देश में शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों का समूह है। भारत के राष्ट्रपति इन संस्थानों के कुलाध्यक्ष हैं।

इस अवसर पर श्रीमती चित्रा रामकृष्णा ने कहा हम भारत के राष्ट्रपति महोदय के कार्यालय और भारत सरकार के मानव संसाधान विकास मंत्रालय को मनोनयन के लिए धन्यवाद देते है। हम आश्वस्त हैं कि एक राष्ट्रीय संस्थान होने के नाते एमएनआईटी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता रहेगा। एनआईटीएसईआर अधिनियम 2007 और एनआईटीज़ के पहले स्टेच्युट्स के प्रावधानों के अनुसार वर्तमान नियुक्ति तीन वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए है।

एनआईटी को संसद के अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महत्व के संस्थान घोषित किया गया है। ये माना जाता है कि एनआईटी की स्थापना देश में क्षेत्रीय विविधता और बहु-सांस्कृतिक समझको प्रोत्साहित करने के लिए की गई थी। आज, ये संस्थान देश के सभी बड़े राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थित हैं। वर्ष 2007 में केंद्र सरकार ने इन महाविद्यालयों को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान घोषित किया था। इंजीनियरिंग और प्रोद्यौगिकी की विभिन्न शाखाओं में एनआईटीज़ स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट स्तर के पाठ्यक्रम उपलब्ध करवाते हैं। सभी एनआईटीज़ स्वशासी हैं और अपने पाठ्यक्रम निर्धारित करते है।

मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना 1963 में भारत सरकार और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के रूप में की गई थी। 26 जून, 2002 को इस महाविद्यालय को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का स्तर दिय गया और 15 अगस्त 2007 को इसे संसद के अधिनियम द्वारा राष्ट्रीय महत्व का घोषित किया गया। यह संस्थान भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा पूर्णत: वित्त पोषित है।